51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.4°c | अधिकतम 35.0 °c


# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:19, सूर्यास्त : 7:15 | वर्ष : 51/ अंक : 153 | रविवार, 04 जून 2023 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**
पानी दरिया में हो या
आंखों में गहराई और राज
दोनों में होते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाएगी सरकार : केशव प्रसाद मौर्य



अभी तक तो चोरों का...बिजली चोरी करो अभियान ही कामयाब है.....

# शुकतीर्थ में गंगा लाने को नया प्रस्ताव बनेगा : मौर्य

▸ व्यस्त रहा मौर्य का दौरा

▸ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा जिले में बिजली चोरी रोकने को चलेगा अभियान
▸ किसानों के नलकूप कनेक्शन नहीं कटेंगे, पत्रकारों को आयुष्मान योजना का मिलेगा लाभ



**मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुकतीर्थ में गंगा की धारा को लाने के लिए नए सिरे से प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लॉइन लॉस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि जिन स्थानों पर बिजली चोरी ज्यादा है, वहां खासतौर से अभियान चलाया जाए। उन्होंने किसानों के नलकूप कनेक्शन किसी भी स्थिति में न काटने की बात कही।

आज अपने व्यस्त दौरे के बीच पत्रकारों से वार्ता करते हुए मौर्य ने कहा कि शुकतीर्थ प्रदेश ही नहीं देश का बड़ा तीर्थ स्थल है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से यहां गंगा की धारा लाने की मांग की जाती रही है। पिछले दिनों वे शुकतीर्थ गए थे तो वहां भी यह बात रखी गई थी। उन्होंने बताया कि अब प्रशासन को नए सिरे से इस परियोजना का प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा गया है ताकि इस पर आगे काम हो सके। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक के दौरान उन्हें जिले में कई स्थानों पर भारी लाइन लॉस की जानकारी मिली। इसका कारण जर्जर बिजली लाइनों को बताया गया। ऐसे में जर्जर लाइनों को बदलवाने के साथ बिजली चोरी रोकने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि किसानों से नलकूपों के बिल शासनादेश के अनुसार वसूलने के निर्देश के साथ यह भी हिदायत दी गई है कि नलकूपों के कनेक्शन किसी भी दशा में ना काटे जाएं। उन्होंने बताया कि किसान स्वाभिमान योजना के तहत छूटे किसानों को जोड़ने के लिए अभियान चल रहा है। हर घर नल और जल योजना के तहत गांवों में स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के अलावा जहां पाइप लाइन की जरूरत है, वहां बिछाने और जहां मरम्मत की जरूरत है, मरम्मत करने के निर्देश दिए गए हैं। ओवरहेड टैंक और पंपों को भी दुरुस्त करने को कहा गया है। चकमार्गों से अवैध कब्जे हटाने को भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि एक जून से अमृत सरोवरों को दुरुस्त करने के अभियान के साथ वहां 21 जून को योग दिवस पर योग शिविर लगाने को कहा गया है। उन्होंने ट्रैफिक विभाग द्वारा ऑन लाइन चालान के नोटिसों को लेकर मिल रही शिकायतों को भी गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने पात्रों को पीएम आवास और आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा पूरे प्रदेश में पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड योजना से जोड़े जाने पर काम किया जाएगा।

## बाईपास पर रोकी रोडवेज बसें तो यात्री रहे परेशान

**मुजफ्फरनगर, 3जून (बु.)।** उप मुख्यमंत्री के दौरे के चलते शनिवार को रोडवेज बसों को शहर के बाहर से संचालित किया गया। कई मार्गों पर बसों को शहर के बाहर बाईपास पर रोक दिए जाने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रोडवेज बस स्टैंड और महावीर चौक पर बस पकड़ने पहुंचे यात्री इधर से उधर घूमते रहे। हालांकि प्रतिबंध वालेमार्गों पर कारों व ई रिक्शाओं को उसी समय रोका गया जब उप मुख्यमंत्री का काफिला वहां से गुजरना था। उप मुख्यमंत्री के दौरे के चलते यातायात पुलिस ने महावीर से सुबह दस से चार बजे तक सूजडू चुंगी, सूजडू चुंगी से मीनाक्षी चौक, जानसठ बाइपास से टिकैत चौक तक हल्के भारी वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया था। विभागीय अधिकारियों ने जानसठ, बिजनौर, मुरादाबाद मार्ग पर जाने वाली बसों को टिकैत चौक, मेरठ, दिल्ली, शामली, पानीपत, करनाल, कांधला व बड़ौत मार्ग पर जाने वाली बसों को वहलना चौक, सहारनपुर, रुड़की , हरिद्वार, देहरादून, बसेड़ा व खाई खेड़ी जाने वाली बस रामपुर तिराहे से चलाई। इसके चलते यात्रियों को परेशानी हुई। ई रिक्शाओं और डग्गामार वाहनों के चालकों ने मनमाना किराया वसूला।

## दो करोड़ रुपये हड़पने के लिये साध्वी की हत्या किये जाने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)। शुक्रताल स्थित महाशक्ति आश्रम की संचालिका साध्वी राज राजेश्वरी नंदनी की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड आ गया है। जनपद के कई थानों में प्रभारी रहे इंस्पेक्टर ने एसएसपी से की गई शिकायत में दो करोड़ रुपये हड़पने के लिये साध्वी की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर अरुण त्यागी जनपद के सिविल लाइन सहित कई थानों में प्रभारी रहे हैं। उन्होंने एसएसपी के नाम दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि वे पिछले 13 वर्षो से महाशक्ति पीठ आश्रम की संचालिका साध्वी राज राजेश्वरी नंदनी के अनुयाई हैं। प्रत्येक माह व दो बार आश्रम में आते रहे हैं। आरोप लगाया कि आश्रम में रहने वाला चंदा उर्फ चन्द्रमा जनपद कानपुर में लूट, हत्या व गैंगस्टर के मामलों में आरोपी है और वर्तमान में जेल से जमानत पर बाहर आया हुआ है। चंदा का भाई मोहक भी हत्या के मामले में लखनऊ जेल में बंद है। इंस्पेक्टर के अनुसार आश्रम में अगले माह भगवान श्रीराम की 108 फीट की मूर्ति स्थापित होनी थी, जिसके लिये 2 करोड़ रुपयों का चंदा जुटाया गया था। आरोप है कि उक्त चंदे की रकम को हड़पने व अपने अवैध क्रिया कलापों पर प्रतिबंध लगाए जाने पर चंदा ने प्रकाशानंद व मां शशि के साथ मिलकर माता राज राजेश्वरी नंदनी की 27 मई की रात जहर देकर हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने के लिये शव का अंतिम संस्कार कर दिया, जबकि साधु संतों की मौत के बाद उन्हें समाधि देने की परम्परा है। इंस्पेक्टर ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।**

**रस्म पगड़ी**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य श्री **अनिल कुमार गोयल जी** का स्वर्गवास दिनांक 25-05-2023, दिन- बृहस्पतिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी आज दिनांक 04-06-2023 दिन-रविवार को निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगी

ब्रह्मभोज ........................ दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी ........................ दोपहर 2:00 बजे
स्थान : मयूर महल, लिंक रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

प्रतिष्ठान :-
• सुमन इंजीनियरिंग एण्ड कैमिकल्स प्रा.लि.
बेगराजपुर,
मुजफ्फरनगर
मो. 9897108988
मो. 9897282876

शोकाकुल :-
सुमन गोयल (धर्मपत्नी)
रोहित गोयल-दीपिका (पुत्र-पुत्रवधू)
रचित गोयल-अनिका (पुत्र-पुत्रवधू)
रोहान, अधिराज (पौत्र)
आरोही, रिधा (पौत्री)

-: निवास स्थान :-
190-साउथ सिविल लाइन, बुलेटिन वाली गली, मुजफ्फरनगर।

evan multi speciality hospital
ईवान हॉस्पिटल
(श्री जयप्रकाश जैन, नावला परिवार)
विजय जैन (सी०ई०ओ०)

निःशुल्क हृदय रोग कैंप

हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.स्वाति शर्मा
एमबीबीएस,एमडी, इंटरनल मेडिसिन, डीएनबी कार्डियोलॉजी
डॉ. सज्जाद मंजूर
एमबीबीएस,एमडी, इंटरनल मेडिसिन, डीएनबी,कार्डियोलॉजी
डॉ.अंशुल जैन
एमबीबीएस,एमडी इंटरनल मेडिसिन, डीएम कार्डियोलॉजी

विशेष :-
• ईसीजी फ्री
• इको 500 रु छूट
• एंजियोग्राफी 3000 रु की छूट
• एंजियोप्लास्टी ( दिल का छल्ला ) 25000 रु की छूट
पेसमेकर | हॉल्टर मॉनिटर | टीएमटी

डॉ. नित्यानंद शर्मा
एमबीबीएस , एमडी , डीएनबी
गैस्ट्रोएंट्रोलोजिस्ट

पेट रोग विशेषज्ञ
से परामर्श पाए अब
अपने ईवान अस्पताल में

आयुष्मान कार्डधारकों के लिये 5 लाख रुपये तक का इलाज बिल्कुल मुफ्त

दिनांक : 5 जून 2023, सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक
स्थान : 4th किमी. भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

ईवान हार्ट सेंटर में हृदय रोग विशेषज्ञ 24×7 घंटे उपलब्ध हैं
MO.- 90689-95066, 70880-02623

ईसीजी : फ्री
इको : रु. 500/- छूट

MO.: 90689-95066,70880-02623,70880-02620
E-mail : info@evanhealthcare.com | Visit us : www.evanhealthcare.com
Follow Us On



**नसीहत भी हिदायत भी...** बोले डिप्टी सीएम-सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी को मिले, हर किसान को सम्मान निधि देना हमारी सरकार का लक्ष्य

# किसान अन्नदाता, उनकी समस्या तत्काल निपटायें: केशव प्रसाद

**▸▸ डिप्टी सीएम ने विकास समीक्षा में अफसरों से पूछा जिले का हालचाल**
**▸▸ विकास भवन में स्वयं सहायता समूह के लगे स्टॉलों का किया निरीक्षण**
**▸▸ पशु पालकों से की अपील, छुट्टा पशुओं को गौ आश्रय स्थल पर ही छोड़ें**



**मुजफ्फरनगर, 03 जून (बु.)।** यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विकास भवन सभागार में जनपद के पुलिस, प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विकास भवन में स्वंय सहायता समूह द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का भी निरीक्षण किया, जिसमें आजीविका का नया स्वरूप सम-ााकर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि समूह द्वारा निर्मित खाद्य मसालों को मिड डे मील से जोडा जाये और इनके उत्पादों की मार्किटिंग की व्यवस्था हो। समीक्षा बैठक में ओडिसा में हुए रेल हादसे के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धाजंलि दी गई।

समीक्षा करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री आरोग्य योजना, विकास प्राधिकरण, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, केन्द्र और राज्य सरकार की सभी विकास की परियोजनाओं, लोक कल्याणकारी योजनाओं, किसानों के नलकूपों के बिल माफी, स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सालयों में चिकित्सकों, दवाओं, पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता, स्मार्ट सिटी परियोजना, हर घर नल से जल आदि की स्थिति आदि पर बिन्दुवार रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए जनप्रतिनिधियों को विभिन्न बैठकों में आमंत्रित कर उनके बहुमूल्य सुझाव लेकर विकास कार्यों को गति प्रदान की जाए। उन्होंने पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि अपने छुट्टा पशुओं को गौ आश्रय स्थल पर ही छोड़ें।

केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद में चिकित्सा सुविधाओं को ओर बेहतर बनाने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। साथ ही कहा कि जिन संसाधनों की आवश्यता है, उनका प्रस्ताव बनाकर तत्काल शासन को भेजा जाए। आयुष्मान कार्ड के संबंध में समीक्षा के अन्तर्गत उन्होने निर्देश दिये कि पात्रता सूची में शामिल जिन लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने है अभियान चलाकर उनके कार्ड शीघ्रता से बनाए जाएं, जो पात्र लाभार्थी सूची में शामिल नहीं हैं उन्हें मुख्यमंत्री आरोग्य योजना के तहत लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान देश के अन्नदाता हैं और उनकी शिकायतों एवं समस्याओं का तत्काल व्यवस्था के अन्तर्गत समाधान किये जाने में कोई भी लापरवाही न बरती जाये। गन्ना किसानों के भुगतान की समीक्षा करते हुए कहा कि इसमें किसी प्रकार की समस्या न हो एवं समयान्तर्गत शत-प्रतिशत भुगतान किया जाए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों के नलकूपों का विद्युत देय शासनादेश के अनुसार ही वूसला जाए। किसी भी किसान का विद्युत कनेक्शन न काटा जाए। उन्होंने पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि जनप्रतिनिधियों से संवाद कर खाली हुई यूनिटों में अधिकतम पात्र लोगों को राशन कार्ड मुहैया कराया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण तथा मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने प्रगति से अवगत होने के बाद संबंधित को यथाशीघ्र आवास तथा शासन द्वारा निर्धारित सुविधाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

केशव प्रसाद मौर्य ने सभी अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित योजनाओं को महिला कल्याण एवं सशक्तीकरण, युवा रोजगार तथा कल्याण, मजदूरों, किसानों, दिव्यांगजनों, वंचितों एवं पात्रों के हित में प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देश दिये कि सभी विभाग अपनी अपनी योजनाओं का प्रसार करते हुए 2017 से वर्तमान तक का तुलनात्मक विवरण भी तैयार करें जिससे जनता को बदलाव का पता चल पाये। जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने उपमुख्यमंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जायेगा। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष भाजपा विजय शुक्ला, एसएसपी संजीव सुमन, सीडीओ संदीप भागिया, सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र सिंह बहादुर सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# गठवाला के मुख्यालय लिसाढ़ में खाप चौधरियों का फैसला, हम महिला पहलवानों के साथ खड़े

**न्याय पाने के लिए पहलवान जो भी निर्णय लेंगे, उसमें हम साथ हैं: राजेंद्र**



फोटो बुलेटिन — गांव लिसाढ़ में गठवाला खाप द्वारा आयोजित खाप पंचायत में उमड़े किसान एवं चौधरी।

**मुजफ्फरनगर, 03 जून (बु.)।** शनिवार को लिसाढ़ में बाबा राजेंद्र सिंह मलिक के नेतृत्व में खाप चौधरी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के बुलाए सम्मेलन की अध्यक्षता नागर गौत्र के अध्यक्ष जीवन सिंह व संचालन धर्मेंद्र मलिक द्वारा किया। लिसाढ़ में खाप चौधरियों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि आज की पंचायत में निर्णय लिया गया कि खिलाड़ी अपने हकों को पाने की खातिर जो निर्णय लेंगे, खाप चौधरी उस निर्णय का पूरी ताकत से समर्थन करेंगे। पंचायत की अध्यक्षता कर रहे बाबा राजेन्द्र सिंह मलिक ने कहा कि इस पंचायत ने समिति गठित कर खिलाड़ियों से मिलकर भविष्य की लड़ाई में सहयोग के लिए उन्हें आश्वस्त करेंगे।

सभा को संबोधित करते हुए मांगेराम त्यागी ने कहा कि खाप पंचायतें अपने फैसले न्यायपूर्ण करती हैं। आज जो पंचायत का निर्णय होगा, समाज आपके साथ होगा। भीम सिंह बालियान ने कहा कि हम सामूहिक निर्णय के साथ रहेंगे। चौधरी राजेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि हम बेटियों के साथ हैं, उनकी हर लड़ाई में सहयोगी रहेंगे, लेकिन इससे पहले हमें एक सोच बनानी होगी। उन्होंने कहा कि 13 सदस्यीय एक समिति गठित कर यह निर्णय लिया है कि हम उस फैसले का समर्थन करेगे जिसका निर्णय पीड़ित खिलाड़ी लेगे। इस सम्मेलन में अमित बेनीवाल चौधरी बेनीवाल खाप, राजवीर सिंह खुटैल खाप, गजेंद्र अहलावत चौधरी अहलावत खाप, भीम सिंह बालियान थामा सिसौली,उपेंद्र चौधरी कुंडु खाप,धर्मवीर सिंह चौधरी पंवार खाप,संजीव सहरावत उपाध्यक्ष सहरावत खाप, सुभाष खोखर छपरौली चौबीसी खाप, सुधीर चौधरी तालियान खाप,हरपाल चौधरी गुलियांन खाप, सुशील विहान खाप, राजवीर सिंह लांख थांबा, उदयवीर सरपंच सिकरवार खाप, सुभाष चौधरी नौबहार खाप,सोबरन सिंह छोकर खाप, अर्जुन सिंह पचेरा खाप, राज कुमार सतगमा खाप पानीपत, मांगेराम त्यागी अध्यक्ष त्यागी समाज, जगपाल सिंह गुर्ज्जर समाज सहारनपुर, रमेश शर्मा संभल, कौशल क्रांतिकारी भगत सिंह मंच, राजवीर निर्वाल खाप, मोहित यादव फिरोजाबाद यादव महासभा, अंकित चौधरी, दिगंबर सिंह बिजनौर, निक्की तालियां, अनिल तालान जाट महासभा, जावेद तोमर, नीटू दुल्हेरा, नीरज बालियान, चौ. मुर्तजा बालियान, विपिन त्यागी, अक्षय त्यागी सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

**बालासोर रेल हादसा**

## एसडी कॉलेज मार्किट में हुई शोक सभा, दो मिनट का रखा मौन

**मुजफ्फरनगर, 03 जून (बु.)।** उड़ीसा के बालासोर में बीते दिवस हुए भीषण रेल हादसे में मृतक लोगों की आत्मा की शांति और घायल यात्रियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर शनिवार को एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन के द्वारा मार्किट परिसर में एक शोक सभा संपन्न हुई, जिसमें दो मिनट का मौन रखते हुए मृतक आत्माओं की शांति के लिए गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। इस दौरान अधिकांश लोगों और व्यापारियों ने सरकार से मांग की कि ऐसी घटनाओं की फिर से पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाया जाए, ताकि देश में सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली इस यात्रा के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे।

शनिवार को शिवचौक स्थित एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसो. के अध्यक्ष अनिल नामदेव की अध्यक्षता में संपन्न शोकसभा में मुख्य रूप से राकेश कंसल, योगेश भगत, श्याम जसूजा, अनुराग गर्ग, विजय तागरा, अजय मदान, केवल कुमार अरोरा, संजीव गोयल, नरेश अरोरा, अरविन्द जैन, रविन्द्र जैन, धनश्याम दास, अनिल गर्ग, पंकज गर्ग, नरेश पोपली, राकेश गर्ग, शुभम कंसल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# पिन्ना का बदमाश मेरठ में हुई मुठभेड़ में घायल

**लावड़ में कपड़ा व्यापारी से मांगी थी रंगदारी, न देने पर चलाई गई गोली**

**मेरठ, 03 जून (बु.)।** मेरठ के कस्बा लावड़ में कपड़ा व्यापारी से रंगदारी मांगने और ना देने पर फायरिंग करने के मामले में शनिवार दिन निकलते ही पुलिस की बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ में मुजफ्फररनगर के गांव पिन्ना का निवासी एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को सीएचसी में उपचार दिलाया गया।

लावड़ कस्बे के कपड़ा व्यापारी सुदेश सैनी से लोरेंस विश्नोई गैंग के शूटर सनी काकरान और चिंदौड़ी गांव निवासी अतुल जाट ने फोन पर तिहाड़ जेल रंगदारी मांगी थी। दोनों बसपा नेता मनोज की हत्या में नामजद है। व्यापारी के रंगदारी न देने पर रंगदारी मांगने के डेढ़ घंटे बाद बदमाश ने सुदेश की दुकान में घुसकर फायरिंग की। जिसमें, अरुण छर्रे लगने से घायल हो गया था। एसएसपी ने इस घटना के खुलासे को लेकर कई टीम लगा रखी थी। शनिवार सुबह पुलिस को मीठेपुर मार्ग पर एक मंडप के पास बदमाश की सूचना मिली। पुलिस ने बदमाश की घेराबंदी कर ली। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की ओर से हुई फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी दौराला में उपचार दिलाया। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम थाना कोतवाली मुजफ्फरनगर के पिन्ना निवासी सादमान बताया। पुलिस अन्य बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

## दहेज न देने पर उत्पीड़न

**मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)।** एक विवाहिता ने पति व ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने व हत्या के प्रयास के अलावा कई गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में खालापार निवासी विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 16 फरवरी 2019 को भोपा क्षेत्र के गांव इस्सपोपुर निवासी युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि पति उस पर अपने दोस्तों के साथ सम्बन्ध बनाने का दबाव डालता था। दहेज में कार व एक लाख रुपयों की मांग की जा रही थी। आरोप है कि जेठ व देवर उस पर बुरी नजर रखते थे और उससे शारीरिक छेड़छाड़ करते थे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि मायके में आकर उसकी हत्या का प्रयास किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# धीरेंद्र शास्त्री के आपत्तिजनक फोटो बनाने वालों की शिकायत

**हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने की कार्रवाई की मांग**

**विवादित पोस्ट करने पर दो लोगों के खिलाफ दर्ज कराई पुलिस में शिकायत**

**मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)।** विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले दो लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

जिला महामंत्री एड. वैभव यादव ने बताया की एमएस रजा नामक व्यक्ति ने बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र शास्त्री की फोटो से छेड़छाड़ करके आपत्तिजनक अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। इसे खुद को पत्रकार बताने वाले अरशद राणा ने शेयर कर सनातन धर्म का मजाक उड़ा कर हिन्दुओं की भावना से खिलवाड़ किया है । इससे हिंदू समाज में रोष का माहौल है। ये लोग शहर का माहौल खराब करने का कार्य कर रहे हैं। नगर प्रभारी विनोद गर्ग व नगरध्यक्ष सुबोध वर्मा ने कहा कि हिंदू राष्ट्र के सपने को साकार करने को लेकर शास्त्री ने जो बीड़ा उठाया तो वह सनातन धर्म विरोधियों की आंख का कांटा बना हुए हैं। इस मौके पर नगर महामंत्री प्रतीक गोस्वामी, नगर उपाध्यक्ष राजकुमार पांचाल, नगर मंत्री अभिषेक शर्मा, नगर मंत्री धनगर, रवि ठाकुर, जिला अध्यक्ष मोनी राणा, नगर अध्यक्ष पूनम गोस्वामी, गीता मलिक, संगीता पाल, रश्मि, अनीता तथा मीनू आदि उपस्थित रहे।

## दस पुरानी रोडवेज बसों को संचालन से हटाया

**मुजफ्फरनगर, 03 जून (बु.)।** खस्ताहाल हो जाने के बाद कई मार्ग की दस बसों को सड़कों पर नियमित संचालन से हटा लिया गया है। सूत्रों के अनुसार खराब हाल हो चुकी दस बसों को विभागीय अधिकारियों ने नीलामी के लिए सहारनपुर डिपो भेज दिया है। इनमें मुजफ्फरनगर से कांधला के गांव इस्सोपुर टील, पीपलहेड़ा से हरिद्वार, चरथावल से हरिद्वार, मुजफ्फरनगर से खाई खेड़ी, पुसार बड़ौत से हरिद्वार, मुजफ्फरनगर से हरिद्वार, छतैला से हरिद्वार, पानीपत की दो बसों को पुरानी होने के कारण परिवहन निगम ने हटा दिया हैं।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद का दौरा...










फोटो बुलेटिन — भाजपा कार्यालय पर बैठक को सम्बोधित करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा उपस्थित पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी, विकास भवन में स्वयं सहायता समूह की आर्थिक उन्नति को भी परखा और आरएसएस के वरिष्ठ नेता स्व. जयपाल सैनी की पत्नी व पुत्र रूपेन्द्र सैनी से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए केशव प्रसाद मौर्य।

# राष्ट्रीय कार्यशाला में साइबर सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा





फोटो बुलेटिन — श्रीराम कॉलेज में आयोजित साइबर कार्यशाला में मुख्य वक्ता का स्वागत करतीं प्राचार्या तथा उपस्थित छात्र-छात्राएं।

**मुजफ्फरनगर, .3 जून (बु.)।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज द्वारा सेंटर फॉर इनोवेशन, फेब्रिकेशन एण्ड एन्टरप्रिन्योरशिप डेवलपमेंट (सीफेड) के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. प्रगति सक्सेना ने छात्रों को साइबर सुरक्षा के लाभ एवं आवश्यकता को सम-ााया।

मुख्य वक्ता डॉ. प्रगति सक्सेना ने बताया कि साइबर सुरक्षा क्या है यह जानना हर एक इंटरनेट उपयोगकर्ता के लिए अत्यंत आवश्यक है। इंटरनेट पर अक्सर साइबर अपराध होते रहते हैं, ऐसे में अगर हमें साइबर सुरक्षा के बारे में पता नहीं है तो हम आसानी से साइबर अपराध के जाल मे फंस सकते हैं जोकि हमारे लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। कार्यशाला में श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संस्थापक चेयरमैन डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ, डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी, इं. कनुप्रिया, डॉ. आकांक्षा, इं. पीयूष चौहान, इं. विवेक अहलावत, इं. रुचि राय एवं पायल मित्तल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# किसानों-खिलाड़ियों और युवाओं का अपमान करने वाली इस सरकार को उखाड़ देगी जनता: हरेन्द्र मलिक

**मुजफ्फरनगर, 03 जून (बु.)।** सपा की मासिक बैठक सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी की अध्यक्षता व महासचिव गोल्डी अहलावत के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने जनपद के सभी बूथों पर जीत के लक्ष्य के साथ दोनों लोकसभा पर चुनाव की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रत्येक विधानसभा में वरिष्ठ नेताओं की निगरानी में मजबूत बूथ कमेटी गठन का कार्य सबसे महत्वपूर्ण अभियान मानकर किया जा रहा है। रूठे व निराश कार्यकर्ताओं के घर घर पहुंचकर पार्टी में सक्रिय किया जाएगा।

राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि किसानों मजदूरों,युवाओं का उत्पीड़न करने व खिलाड़ियों को अपमानित करने वाली भाजपा सरकार को इस बार जनता उखाड़ फेंकेंगी। उन्होंने कहा कि हर वर्ग को सम्मान केवल सपा देने में सक्षम है, ऐसे में यूपी में लोकसभा चुनाव में सपा गठबंधन बड़ी जीत दर्ज कराने जा रहा है। सपा महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र बॉबी त्यागी ने कहा कि सदर विधानसभा में मजबूत बूथ कमेटी गठन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए लगातार हर वार्ड में कार्य जारी है। बैठक में उड़ीसा ट्रेन दुर्घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया व दुर्घटना के पीड़ितों को 25 लाख व घायलों को 10 लाख के मुआवजे की मांग के साथ दुर्घटना के लिए जिम्मेदारों को कड़ी सजा की मांग की गई। इस दौरान ईलम सिंह गुर्जर, सतेंद्र सैनी, सोमपाल भाटी, गौरव जैन, साजिद हसन, सलीम मलिक, अलीम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।



**तारीख गवाह है**

## आज का इतिहास

**11 वर्ष पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर सदस्य राज्यसभा बने**



**नई दिल्ली 03 जून (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 04 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1929-जॉर्ज ईस्टमेन ने पहली रंगीन फिल्म का नमूना पेश किया। 1936-हिन्दी सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध अभिनेत्री नूतन का जन्म। 1948-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शास्त्री का जन्म। 1959-सी राजगोपालाचारी ने स्वतंत्र पार्टी बनाने की घोषणा की। 1997-दूरसंचार उपग्रह 2डी कक्ष में पहुंचा। 2001-नेपाल के नवनियुक्त नरेश दीपेन्द्र का अस्पताल में निधन, ज्ञानेन्द्र की ताजपोशी के विरोध में हिंसा भड़की, हत्याकांड की न्यायिक जांच के लिए एक आयोग गठित। 2003-डोमीनिक गणराज्य की 18 वर्षीय सुन्दरी एमीलिया वेगा 'मिस यूनीवर्स-2003' बनीं। 2005-लालकृष्ण आडवाणी ने कराची में मोहम्मद जिन्ना को धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति बताया। 2006-यूगोस्लाविया के पूर्व गणराज्य मोंटेनेग्रो ने स्वतंत्रता की घोषणा की। 2007-चीन के उपप्रधानमंत्री हांग चू का निधन 2008-हरियाणा सरकार ने पारिवारिक पेंशन का लाभ 25 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों को भी देने की घोषणा की। 2011-अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले भारतीय अर्थशास्त्री डॉ. अमर्त्य सेन ने पश्चिमी देशों को भारत और चीन से सीख लेने की सलाह दी है। 2012-भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने संसद के उच्च सदन राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। 2015-घाना में एक पेट्रोल पंप पर लगी आग में 200 से अधिक लोगों की मौत। 2016-भारतीय अभिनेत्री सुलभा देशपांडे का निधन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 03 जून, (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-**

| | |
|---|---|
| सोना- 61,400 | चांदी-73,000 |
| सिक्का- 850 | गिन्नी- 46,000 |

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 03 जून, (बु.)।**
मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- चाकू 1450-1600, लड्डू 1500-1590, खुरपापाड़ 1410-1450, आमद-1200 मन।

## आपका आज का राशिफल

**रविवार, 04 जून, 2023**

**मेष-** आरोग्य सुख में कमी, मित्रों से गलतफहमियां, परिवार में अशांति, धन का अभाव, विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता।
**वृषभ-** योजना साकार होने की ओर, विवादास्पद मसला हल, मनोविनोद के अवसर, मांगलिक आयोजन सम्पादित, सामाजिक कृत्य।
**मिथुन-** बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, उल्लास का वातावरण, सुसंदेश की प्राप्ति, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, मेल-मिलाप में रुचि।
**कर्क-** निराशा का समापन, जनसम्पर्क का सुयोग, कुछेक मसला हल, नवीन योजना का श्रीगणेश, धनागम का मार्ग प्रशस्त।
**सिंह-** समस्याओं से चिन्ता, स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यवसाय में असफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, दाम्पत्य जीवन में असन्तोष, जोखिम से नुकसान, हानि संभव।
**कन्या-** आ्थक उन्नति, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूत, अधूरे या नवकार्य प्रगति की ओर, कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर।
**तुला-** ग्रहयोग बेहतर, भावी योजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, व्यक्तित्व का विकास, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, यात्रा का प्रसंग।
**वृश्चिक-** अभीष्ट कार्यों में सिद्धि, सुसंदेश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास साहसिक प्रयास प्रगति पर, विवाद की निवृत्ति, लाभ भी।
**धनु-** पारिवारिक उलझनें, कार्यों में असफलता की स्थिति, लाभार्जन में व्यवधान, निजी इच्छा की पूत में व्यवधान, अनावश्यक व्यय।
**मकर-** समय संतोषजनक, स्वजनों से विचार विनिमय, नौकरी में प्रोन्नति, मान-सम्मान में वृद्धि, किसी आयोजन का अवसर प्राप्त।
**कुम्भ-** कठिनाइयों का निवारण, स्वयं का निर्णय हितकर, मनोविनोद के सुअवसर, दूर-समीप की यात्रा।
**मीन-** ग्रहयोग बेहतर, मनोरथ पूर्ण, पुरुषार्थ से कार्य सिद्धि, समस्या का समाधान, सुख सुविधा में वृद्धि, सम्भावित यात्रा सुखद।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# राहुल गांधी के अमेरिका के बयान पर हंस रही दुनियाः मौर्य

- मोदी-योगी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर,
- पार्टी कार्यालय पर लोकसभा चुनाव में सफलता के दिए टिप्स
- कार्यक्रम से पूर्व रेल हादसे को लेकर रखा दो मिनट का मौन

**मुजफ्फरनगर, 03 जून (बु.)।** गांधीनगर स्थित भाजपा कार्यालय पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए संगठन की मजबूती और जनसमस्याओं के निदान में प्राथमिकता के साथ काम किए जाने की सीख दी। जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला की अध्यक्षता व विनीत कात्यायन के संचालन में संपन्न बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ उड़ीसा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना में हताहत लोगों की आत्मा शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखने के साथ शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की एवं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अगर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी बोलेंगे तो उन पर देश तो हंसेगा ही, वहीं दुनिया में भी वे हंसी के पात्र बनेंगे। आज अमेरिका भी राहुल गांधी की बातों पर इसी प्रकार हंस रहा है, क्योंकि जो अमेरिका प्रधानमंत्री मोदी का आटोग्राफ मांग रहा है वहां राहुल गांधी उनकी छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने इसकी निंदा करते हुए कहा कि विपक्ष के हर कदम को जनता भली प्रकार 'समझ रही है। आज मोदी के खिलाफ विरोधी इसलिए एक मंच पर आ रहे हैं ताकि उनके भ्रष्टाचार पर पर्दा पड़ा रहे। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर की इस धरती से ऐसे सभी लोगों की गंभीर निंदा और आलोचना करता हूं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों वाला देश में लोकतंत्र ने सभी को अपनी बात कहने की आजादी दी है। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि गांधी परिवार ने परिवारवाद को बढ़ावा दिया और परिवार तंत्र को ही लोकतंत्र माना है कि यदि गांधी परिवार का कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री बन जाये तभी देश में लोकतंत्र है, भले आपात काल लगाने का गंभीर अपराध उनके नाम से इतिहास में दर्ज हो। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की देखरेख में पूर्व में दस साल तक पीएम मनमोहन सिंह सरकार चली थी उस दौर को भी लोगों ने देश और विदेश में रहकर देखा है। अभी निगम चुनाव में सभी 17 निगमों पर भाजपा का कमल खिलाया है। देश में मोदी व यूपी में योगी जैसा नेतृत्व हमारे पास है, हम सभी केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें, मोदी जी के नेतृत्व में आज देश विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। पार्टी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ 2024 में यूपी की सभी 80 लोकसभा में कमल खिलाकर पूर्णः केन्द्र में मोदी जी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने का कार्य करेंगें। इस दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र देव शर्मा, यशपाल पंवार, देवव्रत त्यागी, सुधीर सैनी, गौरव स्वरूप, सपना कश्यप, प्रदीप सैनी, सरदार सुखदर्शन बेदी, श्रीमोहन तायल, सुषमा पुंडीर, विजय सैनी, संजय गर्ग, राहुल गोयल, शरद शर्मा, अमित चौधरी, रमेश खुराना, सुधीर खटीक, रेणु गर्ग, सुनील दर्शन, साधना सिंघल, प्रवीण शर्मा, कविता सैनी, कार्तिक काकरान, मौ. सलीम, राजकुमार सिद्धार्थ, जितेन्द्र त्यागी, प्रमेश सैनी, हरीश अहलावत, अक्षय पुण्डीर, विपिन त्यागी, विपुल त्यागी, जोगेंद्र काला, रामनाथ ठाकुर, राजेश पाराशर, कपिल त्यागी, रोहित तायल, हरेन्द्र, देवेश कौशिक, नवनीत गुप्ता, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, योगेश मित्तल, रविकांत शर्मा, संजय मित्तल, हनी पाल, दिनेश पुण्डीर, अमित बोबी, अमिता चौधरी, अंजलि चौधरी, सुनीता शर्मा, गीता जैन, एकता गुप्ता, अंशु शर्मा, अखिलेश शर्मा, शोभित गुप्ता आदि मौजूद रहे।


उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नगर आगमन पर स्वागत करते भाजपाई।

### भाजपा का जिला और बूथ अध्यक्ष भी उपमुख्यमंत्री

**मुजफ्फरनगर।** प्रशासन और पुलिस में भाजपा नेताओं की उपेक्षा की चर्चा के बीच उपमुख्यमंत्री ने आज कहा कि भाजपा का जिलाध्यक्ष हो या बूथ अध्यक्ष सभी उपमुख्यमंत्री हैं। उनकी बातों को गंभीरता से सुनकर आवश्यक उचित कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में पूरी टीम सकारात्मक सोच के साथ काम करे तो विकास तेज होगा।

### अल्लाह भी बदमाश को नहीं बचा पाएगा

**मुजफ्फरनगर।** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को हर प्रकार के माफिया से मुक्त कराने के लिए सरकार काम कर रही है। वह चाहे नकल माफिया हो, अपराध माफिया हो या किसी अन्य तरह का माफिया। अपने बदमाश को अल्लाह भी नहीं बचा पाएगा बयान पर उन्होंने कहा कि अल्लाह और भगवान एक ही है। अपराधी कोई हो, उसके खिलाफ धर्म जाति देखे बिना कार्रवाई की जा रही है।

### किसान भगवान, पहलवान देश की शान

**मुजफ्फरनगर।** उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली में पहलवानों के लिए किए जा रहे आंदोलन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि किसान भगवान हैं और पहलवान देश की शान। मौर्य ने कहा कि मामला न्यायिक प्रक्रिया में है, ऐसे में इस पर कोई टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन समुचित जांच के बाद पहलवानों को न्याय जरूर दिया जाएगा। यह राजनीति का विषय नहीं है। उन्होंने सही समय की प्रतीक्षा करने की अपील की।

### रात में सड़क पर नहीं दिन में आश्रय स्थल पर छोड़ें आवारा पशु

**मुजफ्फरनगर, 3जून (बु.)।** उप मुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य ने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए सरकार ने आश्रय स्थल बनाए हैं। ऐसे में पशु पालक रात के अंधेरे में सड़कों पर पशुओं को छोड़ने के बजाय दिन के उजाले में उन्हें आश्रय स्थलों पर छोड़ें। उन्होंने कहा कि गांवों में चरागाह की भूमि को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं यदि यह माफिया के कब्जे में है तो उसे मुक्त कराएं और अगर गरीब के कब्जे में है तो उसे हरा चारा उगाने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि पशुओं के चारे की समस्या का समाधान हो सके।





### लागू होगा कॉमन सिविल कोड और हटेंगे कब्जे

**मुजफ्फरनगर।** उत्तराखंड में कॉमन सिविल कोड लागू करने की तैयारी और वहां अवैध कब्जा कर बना गए मजार आदि धर्म स्थलों पर कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर मौर्य ने कहा कि वहां सरकार अच्छा काम कर रही है। कॉमन सिविल कोड पूरे देश में लागू होगा और अवैध कब्जे कर बनाए गए धर्म स्थलों को हटवाने की कार्रवाई सरकार कर रही है।




### जयपाल जी को आवास पर पहुंच दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर।** अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेंद्र सैनी के आवास पर पहुंचकर उनके पिता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में लंबे समय तक विभिन्न पदों पर रहे समर्पित संघ कार्यकर्ता जयपाल जी का गत दिनों निधन हो गया था। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा और संघ के प्रति जयपाल जी का समर्पण सदैव अनुकरणीय रहेगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।





# उप मुख्यमंत्री के दरबार पहुंचा छह-छह हजार के चालान कटने का मामला

**मुजफ्फरनगर, 03 जून (बु.)।** आज मुजफ्फरनगर में उप मुख्यमंत्री के आगमन पर उप मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं नाजायज चालान काटने की बात की गई। आपको बता दें कि मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा पांच दिन पूर्व अपने मुख्य समाचार में प्रथम पृष्ठ पर छह-छह हजार रुपये तक के चालान कटने का मामला प्रकाशित किया गया था। उक्त मामले की गूंज उप मुख्यमंत्री के दरबार तक पहुंची तो उन्होंने मंच से ही अधिकारियों को निर्देश दिये कि ऐसे ट्रेफिक कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही करें, जो जनता का मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न बेवजह कर रहे हैं। आपको यह भी बता दें कि ट्रेफिक पुलिस की धींगामुश्ती लंबे समय से मुजफ्फरनगर



में चलती आ रही है, ट्रेफिक पुलिस कर्मियों का उत्पीड़न हवाई चप्पल पहनकर मोटरसाइकिल चलाने वाले गरीबों को भी नहीं बख्शता है। ट्रेफिक पुलिस का निशाना ट्रेफिक को कंट्रोल करने से ज्यादा चालान काटने या अवैध वसूली करने में ही रहता है। जिस ओर किसी का भी ध्यान नहीं जाता। सिर्फ उत्पीड़न सहने वाला सरकार को कोसता दिखाई पड़ता है। ऐसे में लखनऊ तक पहुंची शिकायत पर आज उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा भारी भरकम चालान लगाने वालों पर लगाम लगाने की बात कही गई। अब देखना यह होगा कि उक्त ट्रेफिक पुलिसकर्मी उप मुख्यमंत्री की बात कितनी गंभीरता से लेते हैं।



# पांच जून से पांच दिन अवकाश पर रहेंगे वकील

**मुजफ्फरनगर, 3 जून (बु.)।** जिले के अधिवक्ता गर्मी के महीने में पांच से नौ जून तक पांच दिन अवकाश पर रहेंगे। जिला बार एसोसिएशन की आम सभा में अधिवक्ताओं ने पांच दिन के अवकाश रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रस्ताव जिला जज सहित अधिकारियों को भेजा गया है। अधिवक्ता पांच जून से नौ जून तक न्यायालयों में न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। बार संघ अध्यक्ष अनिल जिंदल एवं महासचिव जितेंद्र कुमार ने बताया जून में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हाईकोर्ट की ओर से 10 दिन के अवकाश की सुविधा है, जबकि अधिवक्ता इस सुविधा से वंचित है। बार संघ से जुड़े अधिवक्ताओं की मांग पर फैंथम हॉल में आम सभा आहूत की गई। इसमें जून में पांच दिन के अवकाश पर रहने का फैसला लिया गया है। इस अवधि में अधिवक्ता किसी न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे। इस संबंध में एक प्रस्ताव जिला जज, जिलाधिकारी, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के चेयरमैन सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश हाईकोर्ट प्रयागराज एवं चेयरमैन बार काउंसिल उत्तर प्रदेश को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया है। अध्यक्ष ने बताया आम सभा में वर्ष 2018-19 के समय के चेंबर आवंटन की जमा राशि तीन अधिवक्ताओं एवं सुलहनामे के लिए तीन वादकारियों की रकम का कुल भुगतान 4.85 लाख रुपये बार फंड से किया गया है।

### गड्ढे में फंस गई कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना की गाड़ी, धक्का देकर निकाली

**शाहजहांपुर, 3 जून (एजेंसी)।** शाहजहांपुर में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना की गाड़ी शनिवार को सड़क पर गड्ढे में फंस गई। चालक ने गाड़ी निकालने का प्रयास किया, लेकिन पहिया गड्ढे से नहीं निकला। इस पर लोगों ने धक्का देकर गाड़ी को निकलवाया। मंत्री की गाड़ी गड्ढे में फंसने से अफसरों के हाथ-पैर फूल गए। आनन-फानन गड्ढे को भरवा दिया गया। शहर में सीवर लाइन डालने का कार्य हो रहा है। सीएमओ कार्यालय के पास भी सीवर लाइन डालने के लिए सड़क को खोदा गया था। यहां कार्य पूरा होने के बाद भी जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार ने सड़क पर गड्ढे नहीं भरवाए। शनिवार को जब वित्तमंत्री सुरेश खन्ना यहां से गुजर रहे थे, तो उनकी गाड़ी का पहिया गड्ढे में फंस गया। गाड़ी चालक ने काफी प्रयास किया, लेकिन गड्ढे से पहिया नहीं निकल सका। इस पर गाड़ी से कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना उतर गए। मंत्री की गाड़ी गड्ढे में फंसा देख स्थानीय लोग जुट गए। स्थानीय लोगों ने धक्का देकर गाड़ी को गड्ढे से निकलवाया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री रवाना हो गए। गड्ढे में मंत्री की गाड़ी फंसने की जानकारी मिलते ही अफसरों के हाथ-पैर फूल गए। इंजीनियर और ठेकेदार मौके पर पहुंचे। मजदूरों को बुलाकर गड्ढों को भरवाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर कैबिनेट मंत्री की गाड़ी गड्ढे में नहीं फंसती तो सड़क के गड्ढे नहीं भरे जाते।

### मारपीट की वीडियो वायरल मामले में तीन गिरफ्तार

**कैराना, 3 जून (बु.)।** युवक को बाग में ले जाकर बेरहमी से मारपीट कर वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 31 मई को आर्यपुरी निवासी अभिषेक काम्बोज बाईपास के निकट स्थित चम्मच फैक्ट्री से अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में कुछ युवक उसे जबरदस्ती बाइक पर बाग में ले गए थे। जहां उसके साथ में बेरहमी के साथ मारपीट की गई थी, जिसमें वह घायल हो गया था। बाद में आरोपियों ने मारपीट करने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई थी। मामले में पीड़ित की ओर से पुलिस ने अमन और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में शनिवार को पुलिस ने गुल्लू उर्फ एहतशाम, साबिर निवासीगण आर्यपुरी व सरवेज निवासी गांव बराला को भूरा बाईपास पुल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद मुकदमे में पुलिस ने उमैर निवासी आर्यपुरी को नामजद कर दिया है, जबकि मुख्य आरोपी अमन उर्फ मसरूफ निवासी मौहल्ला आलखुर्द पहले से ही नामजद है। वहीं, पुलिस फरार दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

### अश्लील वीडियो मामले में अज्ञात पर मुकदमा

**कैराना, 3 जून (बु.)।** अध्यापक की बेटी की अश्लील तस्वीर एवं वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के एक मौहल्ले में रहने वाले व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि वह और उसकी पत्नी अध्यापक है। 1 मई को वह किसी कार्य से स्कूल गए हुए थे। उनकी गैर मौजूदगी में घर पर मौजूद नौ वर्षीय बेटी के पास अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल की गई, जिसके बाद उसकी बेटी की अश्लील तस्वीर और वीडियो ली गई। बाद में आरोपी ने डरा—धमकाकर उससे की गई बातों के मैसेज भी डिलीट करा दिए। मामले में पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# 288 मौतें, पीएम मोदी और रेलमंत्री पहुंचे बालासोर

**बालासोर, 3 जून (एजेंसी)।** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम हुए रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 288 हो गई है। 900 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने मौके पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया। रेलवे के अनुसार गाड़ियों के बीच टक्कर रोकने वाला कवच सिस्टम इस रूट पर मौजूद नहीं था। हादसे के 23 घंटे बाद यानी शनिवार शाम 6 बजे तक रेल मंत्री या रेलवे मिनिस्ट्री ने हादसे की वजहों पर कुछ नहीं कहा। सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि सिग्नल फेल होना भी हादसे की वजह हो सकता है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बहानगा बाजार स्टेशन की आउटर लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी थी। हावड़ा से चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस यहां डिरेल होकर मालगाड़ी से टकरा गई। एक्सप्रेस का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया और बोगियां तीसरे ट्रैक पर जा गिरीं। कुछ देर बाद तीसरे ट्रैक पर आ रही हावड़ा-बेंगलुरु दुरंतो ने कोरोमंडल एक्सप्रेस की बोगियों को टक्कर मार दी।



#### पीएम नरेन्द्र मोदी घटनास्थल पर पहुंचे, घायलों से भी मिले

**बालासोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम करीब 4 बजे घटनास्थल पहुंचे। वे अस्पताल में घायलों से भी मिले। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का जो भी दोषी है, उसे बक्शा नहीं जाएगा। हर तरह की जांच के निर्देश दिए हैं। हम इस घटना से सबक लेंगे और व्यवस्था को सुधारेंगे। ढट ने घायलों की मदद करने वालों को शुक्रिया कहा। इससे पूर्व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सुबह बालासोर पहुंचे और हादसे की जांच के आदेश दिए। उन्होंने मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 2 लाख रुपए और चोट लगने वाले लोगों के लिए 50,000 रुपए देने की घोषणा की है। राहुल और प्रियंका गांधी ने हादसे पर दुख जताते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से लोगों की मदद करने की अपील की है। ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने बालासोर अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने राज्य में एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी बालासोर पहुंची। उन्होंने प्रभावितों के लिए राज्य की तरफ से मुआवजे का ऐलान किया।

#### दोनों ट्रेनों के बहानगा स्टेशन पहुंचने में 3 घंटे का फर्क था, पर एक साथ आ गई

**बालासोर।** ट्रेन नंबर 12864 बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 जून को सुबह 7:30 बजे बेंगलुरु के यशवंतपुर स्टेशन से चली थी। इसे 2 जून को शाम करीब 8 बजे हावड़ा पहुंचना था। यह अपने समय से 3.30 घंटे की देरी से 6:30 बजे भद्रक पहुंची। अगला स्टेशन बालासोर था, जहां ट्रेन 4 घंटे की देरी से 7:52 पर पहुंचने वाली थी। वहीं, ट्रेन नंबर 12841 शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस 2 जून को ही दोपहर 3:20 बजे हावड़ा से रवाना हुई थी। ये 3 जून को शाम 4:50 बजे चेन्नई सेंट्रल पहुंचती। यह अपने सही समय पर 6:37 बजे बालासोर पहुंची। अगला स्टेशन भद्रक था जहां ट्रेन को 7:40 बजे पहुंचना था, लेकिन 7 बजे करीब दोनों ट्रेन बहानगा बाजार स्टेशन के पास से आमने-सामने से गुजरीं, तभी हादसा हुआ।

#### अंधेरे में अपनों के टुकड़े तलाशते रहे लोग

**बालासोर।** अंधेरा होने के कारण रोते-बिलखते लोग अपनों को तलाशते रहे। कुछ को धड़ मिला, तो सिर नहीं। लोग चीखते हुए अपनों के टुकड़े बटोरते दिखे। हालात ऐसे थे कि बोगियों में फंसे बच्चों और महिलाओं को कोच से बाहर निकालने के लिए सीढ़ी का सहारा लेना पड़ा।

# पत्नी से मिलने के बाद सिसोदिया को वापस ले गई पुलिस

**नई दिल्ली, 3 जून (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की पत्नी की तबीयत बिगड़ गई है। मनीष सिसोदिया की पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, कोर्ट ने सिसोदिया को शुक्रवार को कुछ घंटे के लिए अंतरिम राहत दी। सिसोदिया पुलिस हिरासत में अपनी पत्नी से मिलने पहुंचे। जानकारी के अनुसार, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की पत्नी की तबीयत खराब चल रही है। पत्नी से मुलाकात के लिए कोर्ट ने सिसोदिया को राहत दी, लेकिन उनके घर पहुंचने से पहले ही पत्नी को दिल्ली के लोकनायक हॉस्पिटल में एडमिट कराना पड़ गया। दिल्ली हाईकोर्ट ने मनीष सिसोदिया को आज सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपनी बीमार पत्नी से मिलने के लिए इजाजत दी थी। कोर्ट ने शर्त रखी कि सिसोदिया अंतरिम जमानत के दौरान मीडिया से बात नहीं करेंगे। परिवार के अलावा किसी से बात नहीं करेंगे। मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करेंगे। I मनीष सिसोदिया के घर पहुंचने से पहले ही उनकी पत्नी की तबीयत बिगड़ गई पत्नी की तबीयत खराब होने के कारण कोर्ट से मिली 8 घंटे की बेल का पूरा समय बिताने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया को वापस तिहाड़ जेल ले गई।



# अमेरिका दौरे पर नेल्सन मंडेला की बराबरी कर लेंगे पीएम मोदी

**वॉशिंगटन, 3 जून (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। बता दें कि पीएम मोदी 22 जून को अपने दौरे पर अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित भी करेंगे। ऐसा करते ही वह महान नेता नेल्सन मंडेला की बराबरी कर लेंगे। वहीं पीएम मोदी के अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने को लेकर इंडिया कॉकस के सांसद काफी खुश हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद और इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष रो खन्ना ने बताया कि इंडिया कॉकस ने ही हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स के सभापति केविन मैक्कार्थी से अपील की थी कि वह पीएम मोदी को सदन के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए आमंत्रित करें।



### खतौली के चालक की दिल्ली में दुर्घटना में मौत

**खतौली, 3 जून (बु.)।** नगर की सैनी नगर कॉलोनी निवासी ट्रक चालक की दिल्ली में वाहन दुर्घटना में दर्दनाक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार की सैनीनगर कॉलोनी निवासी जुनैद ट्रक चालक का कार्य करता है। बताया जाता है कि शनिवार को दिल्ली के लोनी क्षेत्र में अचानक ट्रक पलट जाने के दौरान चालक जुनैद की दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस द्वारा जुनैद की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of THE SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
Sunday Open
Register Now for 2023-24
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES — MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.) BBA BCA D.El.Ed — 8937095004/06/07/08/14/26
S.D. COLLEGE OF COMMERCE — M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio) B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(PCMBZ) — 8937095005/ 13
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES — M.PHARM B.PHARM D.PHARM — 8937095011/ 27
S.D. COLLEGE OF LAW — B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B. — 9837556545 / 9897259855 / 9927275998
Our Partners: BAJAJ FINSERV, National Cadet Corps, ICWAI, UNNAT BHARAT ABHIYAN, रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT
REGISTER ONLINE @ www.sdgroupofcolleges.edu.in
आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
RADIO SD 90.8 FM
आपके दिल की बात
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012